# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 15.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 15.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 15.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा मकर संक्रांति मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत रामघाट,तुलसीघाट, निर्मोही अखाड़ा,टैम्पोस्टैण्ड सीतापुर,यूपीटी तिराहा, रैनबसेरा एवं बेडीपुलिया का पैदल भ्रमण कर कर डियूटी पर तैनात पुलिस अधीकारी/कर्मियों की ड्यूटी को चेक किया गया तथा सतर्कतापूर्वक डियूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विन्रमता पूर्वक व्यवहार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

**(4).** आज दिनाँक-15.01.25 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू श्री अजेय कुमार शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू चित्रकूट एवं न्यायालय सुरक्षा की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से माननीय न्यायालय, न्यायालय परिसर, लॉकअप में संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।

**(5).** आज दिनांक 15.01.2025 को थाना मानिकपुर अंतर्गत ग्राम गिदुरहा में कंबल वितरण एवं छोटे बच्चों के लिए जैकिट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम वरिष्ठ समाज सेवी रामबाबू गुप्ता, इंटरनेशनल पायनियर्श क्लब के अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे,गणमान्य व्यक्ति श्री विवेक कुमार आसवानी उर्फ विक्की द्वारा आयोजित कराया गया। कंपोजिट विद्यालय ग्राम गिदुरहा थाना मानिकपुर व जनपद का दूरस्थ ग्राम है जहां पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा में ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब और असहाय बुजुर्ग महिला/पुरुष को कुल 55 कंबल वितरित किए गए साथ ही 150 नन्हे मुन्ने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए जैकिट वितरित की गई। कंबल वितरण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु श्री फहद अली,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह व विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।

**(6).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह एवं पैरोकार आरक्षी सुजीत द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा द्वारा थाना मानिकपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 100/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम के आरोपी अभियुक्त रामकिशोर शुक्ला पुत्र स्व0 गंगाप्रसाद निवासी गर्ग़नपुरवा चौकी सरैया थाना मानिकपुर 2. विशाल उपाध्याय पुत्र उदयभान निवासी गडार का पुरवा सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 400/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में थाना मानिकपुर में नवनिर्मित पुलिस मेस का उद्घाटन किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि थाने में जिस पुराने भवन में मेस संचालित थी वह भवन जर्जर था जिसमें खाना बनाने से खाना खाने तक की सुमचित व्यवस्था नही थी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मानकों के अनुकूल एवं स्वच्छ वाताराण में हमारी पुलिस फोर्स भोजन कर सके इस हेतु शासकीय निधि एवं जनसहयोग से भवन का निर्माण कराया गया जिससे थाना पर नियुक्त समस्त कर्मी एक स्थान पर सहभोज कर सकेगें तत्पश्चात थाना क्षेत्र के सभी ग्राम चौकीदारों को सर्दी के मौसम को देखते हुए कंबल वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु श्री फहद अली,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण,प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह,प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह,प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल,थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण सहित थाना क्षेत्र के जनसहयोगी, सभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे।

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन में अपराध निरीक्षक श्री प्रभुनाथ यादव व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त (1) .उमेश सिंह पुत्र केदारनाथ सिंह निवासी ग्राम जरिहा थाना पहाडी जनपद चित्रकूट (2). राहुल सिंह पटेल पुत्र सन्तोष पटेल निवासी ग्राम जरिहा थाना पहाडी जनपद चित्रकूट (3). राजू पटेल पुत्र भगवानदीन (4). जैनेन्द्र कुमार पुत्र छेदीलाल (5). हरिमोहन पुत्र लवकुश पटेल निवासीगण ग्राम जरिहा थाना पहाडी जनपद चित्रकूट (6). जनित उर्फ जतिन त्रिपाठी पुत्र धर्मानन्द त्रिपाठी निवासी ग्राम व

थाना पहाडी (7). रामदयाल पुत्र बदुवा (8). सन्तोष कुमार पुत्र लवकुश पटेल (9). प्रमोद शर्मा पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासीगण ग्राम जरिहा थाना पहाडी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 7400 /- रुपये व 04 अदद ताश की गड्डी प्रति गड्डी 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 3150/- रुपये व 04 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वाहन उपरोक्त को चालानी रिपोर्ट अन्तर्गत धारा 207 MV Act के अन्तर्गत सीज किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

1.मालफड़ 7400/- रुपये
2.जामा तलाशी से 3150/- रुपये
3. 04 अदद ताश की गड्डी, प्रति गड्डी 52 अदद ताश के पत्ते
4. 04 अदद मोटरसाइकिल
5. 07 अदद मोबाइल फोन

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.अपराध निरीक्षक श्री प्रभुनाथ यादव थाना पहाड़ी
2.उ0नि0 यूटी अभिनव प्रताप सिंह
3.का0 आनन्द प्रताप सिंह
4.का0 विनोद कुमार
5.का0 शरद सिंह
6.का0 प्रेम कुमार
7.म0का0 गुड़िया
8.चालक का0 दीपक श्रीवास्तव